राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राष्ट्रपति को राज्यपाल ने दी भावभीनी विदाई

जयपुर, 15 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को शनिवार को राजस्थान यात्रा संपन्न होने पर सांगानेर एयरपोर्ट पर भावभीनी विदाई दी। राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र, उद्योग मंत्री श्रीमती शकुंतला रावत, मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा ने भी राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को विदाई दी ।

**राज्यपाल ने किया फोटो एल्बम भेंट**

इससे पहले राजभवन में राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु को यात्रा की स्मृति संजोये रखने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार फोटो एल्बम भी भेंट किया। इस एल्बम में उनके खाटू श्याम जी मंदिर दर्शन,राजस्थान विधानसभा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के कार्यक्रम के छायाचित्र संजोए गए हैं ।

———